आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर

1 | 2 | 3

07.01.19
07.01.19

न्यायालय अन्तर्गत भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, राजमहल
राजस्व विविध वाद सं0–01/2017–18
हफिजुल्लाह मियाँ
बनाम
16 आना रैयत, मौजा–महाराजपुर
आदेश

आवेदक हफिजुल्लाह मियाँ, पिता हिरामन मियाँ, सा0 तीनपहाड़, थाना राजमहल, जिला साहेबगंज के द्वारा मौजा महाराजपुर, थाना सं0–15/35, जमाबंदी नं0–122 में खतियान में हाफिजुल्लाह मियाँ के नाम से दर्ज है लेकिन पंजी–II में हफिजुल्लाह मियाँ के जगह हकिमुल्लाह मियाँ गलत दर्ज है। फलस्वरूप आवेदक द्वारा पंजी–II में नाम सुधार करते हुए हफिजुल्लाह मियाँ के नाम से लगान रसीद निर्गत करने संबंधी आवेदन दाखिल किया है। अवलोकन किया। आवेदक को सुनने के पश्चात संतुष्ट होकर वाद की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए अंचल अधिकारी, तालझारी से इस कार्यालय के पत्रांक 91/भू0सु0, दिनांक 27.08.2017 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन की मांग की गई।

इस राजस्व विविध वाद में प्रश्नगत जमीन की विवरणी :–

मौजा का नाम	ज0नं0	दाग नं0	रकवा
महाराजपुर बाजार	122	214/117	00–06–01
	122	321/225	00–01–16
कुल रकवा			00–07–17

अंचल अधिकारी, तालझारी के कार्यालय पत्रांक 560/रा0, दिनांक 30.11.2017 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जाँच प्रतिवेदन में हल्का कर्मचारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा–महाराजपुर बाजार थाना नं0–15/35 के ज0नं0–122, दाग नं0–214/117, रकवा 00–06–01 धूर किस्म बाड़ी अव्वल एवं दाग नं0–321/225, रकवा 00–01–16 धूर किस्म मकान कुल रकवा 00–07–17 धूर जमीन खतियान स्लीप में हफिजुल्लाह मियाँ वल्द हीरामन मियाँ साकिन देह के नाम से दर्ज है जबकि Tenants Ledger में हकिमुल्ला मियाँ पिता हीरामन मियाँ, सा0 महाराजपुर दर्ज है। फलस्वरूप खतियान स्लीप में दर्ज रैयत एवं पंजी–II Tenants Legder में दर्ज रैयत के नाम में अन्तर है।

साथ ही हल्का कर्मचारी द्वारा यह भी स्पष्ट प्रतिवेदित किया गया है कि पंजी–II Tenants Ledger में खतियानी स्लीप के अनुरुप रैयत का नाम दर्ज होना चाहिए। जिसकी अनुशंसा प्रभारी अंचल निरीक्षण ने भी किया है। 93/भू0सु0 10/08/19

उपरोक्त तमाम् स्थिति एवं परिस्थिति पर सम्यक विचारोपरांत अंचल अधिकारी, को नाम सुधार करने की अनुमति दी जाती है।

अंचल अधिकारी, Bihar Tenants Holding (Maintenance of Records) Act 1973 के अनुसार सुधार सुनिश्चित करें।

लेखापित एवं संशोधित।

भूमि सुधार उपसमहर्त्ता
राजमहल

भूमि सुधार उपसमहर्त्ता,
राजमहल।